कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के तहत गुजराती व्यंजनों का प्रशिक्षण

राजनांदगांव : ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के तहत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तत्वाधान में शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । दिनांक 22.01.2020 को स्टेटहूड डे सेलेब्रेशन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को गुजराती व्यंजन तैयार करने की प्रविधि सिखाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुआ । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल ने कहा कि खान–पान का तरीका किसी भी समाज की संस्कृति का अहम हिस्सा होती है । गुजरात के विविध व्यंजनों की जानकारी प्राप्त किए बिना गुजराती संस्कृति का सम्पूर्ण परिचय सम्भव नहीं है । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागी छात्राओं को बहुत–बहुत शुभकामनाएं कि वे अपने उद्देश्यों में सफल हो ।

राजनांदगांव स्थित होटल मयूर की संचालिका एवं गुजराती व्यंजनों की विशेषज्ञ श्रीमती धारा राचया द्वारा विभिन्न गुजराती व्यंजनों जैसे ढोकला, थेफला, सेव टमाटर की सब्जी, हॉडवा, चुरमा लड्डू एवं खांडवी तैयार करने की प्रविधियो से छात्राओं को अवगत कराया गया। उन्होंने छात्राओं के सम्मुख उक्त व्यंजनो को स्वयं तैयार कर के दिखाया ।